मालगाड़ी की चपेट में आने से वृद्ध की मौत

सोशल मीडिया पर फोटो वायरल होने के बाद हुई पहचान

प्रतापगढ़। बेटे से १०० रुपये लेकर रिश्तेदारी में जाने की बात कहकर घर से निकले वृद्ध की मालगाड़ी की चपेट में आने से मौत हो गयी। रविवार देर रात हुई घटना के बाद शव की पहचान नहीं हो सकी। पुलिस ने सोशल मीडिया पर मृतक की फोटो साझा की तो परिजनों ने पहचान की। इसके बाद परिवार में कोहराम मच गया।

कुंडा कोतवाली क्षेत्र के बसहीपुर गांव निवासी भरत लाल गौतम (७०) के तीन बेटे सुनील, प्रमोद और विनोद कुमार तथा दो बेटियां हैं। बताते हैं कि उनका मझला बेटा विनोद कुमार करीब १५ वर्ष पहले अचानक घर से लापता हो गया था। काफी तलाश के बाद भी उसका पता नहीं चला। वहीं, करीब दो वर्ष पहले पत्नी दुलारी देवी की भी मौत हो गयी थी। पत्नी और बेटे के बिछड़ने के गम में भरत लाल दुखी रहते थे। परिजनों के अनुसार, रविवार शाम भरत लाल अपने बेटे सुनील से १०० रुपये लेकर रिश्तेदारी में जाने की बात कहकर घर से निकले थे। रात करीब एक बजे बाबूगंज रेलवे फाटक पार करते समय वह ऊंचाहार से प्रयागराज की ओर जा रही मालगाड़ी की चपेट में आ गये। हादसे में उनकी मौके पर ही मौत हो गयी। स्थानीय लोगों की मानें तो लोको पायलट ने भदरी स्टेशन पर घटना की सूचना मेमो के जरिए दी और ट्रेन आगे बढ़ गयी। पुलिस ने शव की पहचान कराने के लिए सोशल मीडिया पर फोटो साझा की। इसके बाद बेटा सुनील कुण्डा कोतवाली पहुंचा और शव की पहचान अपने पिता के रूप में की। मृतक की पहचान होने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।

मारपीट को लेकर चार के खिलाफ मुकदमा

लालगंज, प्रतापगढ़। सांगीपुर पुलिस ने निमंत्रण से घर लौट रहे पीड़ित के साथ मारपीट को लेकर चार अज्ञात आरोपितों के खिलाफ केस दर्ज किया है। थाना क्षेत्र के बनवार का पुरवा निवासी मनीष वर्मा पुत्र इन्द्रराज ने पुलिस को दी गयी तहरीर में कहा है कि अठारह अक्टूबर की रात नौ बजे वह देउम बूढ़े बाबा मंदिर के पास से निमंत्रण से बाइक द्वारा वापस लौट रहा था। देउम पेट्रोल पम्प के समीप सांगीपुर की तरफ से दो बाइक से आ रहे चार अज्ञात आरोपियो ने उसे जबरिया रोक लिया। आरोपियो ने गालीगलौज करते हुए उसके साथ मारपीट की। शोर मचाने पर आरोपित भाग निकले। तहरीर के आधार पर पुलिस ने अज्ञात आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।



नगर के बाबागंज में पथ संचलन में शामिल स्वंयसेवक।

मां चंडिका धाम में १००१ कन्याओं को कराया भोज

प्रतापगढ़। शारदीय नवरात्र के समापन पर सोमवार को सड़वा चंडिका स्थित मां चंडिका धाम में श्री चंडिका प्रबंध कारिणी समिति की ओर से १००१ कन्याओं को भोज कराया गया। धार्मिक अनुष्ठान में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं और गणमान्य लोगों ने भाग लिया।

कन्या पूजन के बाद बालिकाओं को भोजन कराकर उपहार एवं दक्षिणा दी गयी। समिति के अध्यक्ष हरिमंगल सिंह ने अपने संबोधन में धार्मिक परंपराओं के संरक्षण, सामाजिक एकता और कन्या सम्मान पर जोर दिया।

उन्होंने ऐसे आयोजनों को भारतीय संस्कृति और सेवा भावना का प्रतीक बताया। कार्यक्रम में हरिप्रसाद उपाध्याय उर्फ पिंटू पंडित, संजय पांडेय, आदित्य सिंह परिस और अधिवक्ता रामू सिंह सहित तमाम लोग मौजूद रहे। आयोजन भक्तिमय वातावरण में संपन्न हुआ।

भारत की शक्ति सामाजिक एकता और सांस्कृतिक चेतना में निहित–सुभाष

विजयादशमी उत्सव पर आरएसएस ने निकाला पथ संचलन

प्रतापगढ़। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रतापगढ़ नगर की ओर से विजयादशमी उत्सव पर राजकीय इंटर कालेज परिसर में कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य वक्ता पूर्वी उत्तर प्रदेश क्षेत्र के क्षेत्र प्रचार प्रमुख सुभाष ने कहा कि भारत की वास्तविक शक्ति सामाजिक एकता और सांस्कृतिक चेतना में निहित है। उन्होंने कहा कि विजयादशमी अधर्म पर धर्म की विजय का प्रतीक है। इसी दिन वर्ष १९२५ में डा. केशव बलिराम हेडगेवार ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना की थी। संघ का उद्देश्य व्यक्ति निर्माण के माध्यम से समाज को संगठित करना और राष्ट्र को परम वैभव तक पहुंचाना है। समाज को जाति, भाषा और क्षेत्र के भेदभाव से ऊपर उठकर सामाजिक समरसता तथा बंधुत्व मजबूत करना चाहिए। प्रत्येक स्वयंसेवक सेवा, संस्कार, अनुशासन और समर्पण से राष्ट्र निर्माण में योगदान दे। कार्यक्रम के बाद पूर्ण गणवेश में स्वयंसेवकों ने राजकीय इंटर कालेज से विराट पथ संचलन निकाला। घोष की मधुर ध्वनि के बीच अनुशासित कदमताल करते स्वयंसेवक नगर के विभिन्न मार्गों से गुजरे। इस दौरान जगह–जगह नागरिकों और सामाजिक संगठनों ने पुष्पवर्षा कर उनका स्वागत किया। कार्यक्रम में विभाग संघचालक रमेश, विभाग प्रचारक ओमप्रकाश, जिला संघचालक चिंतामणि, जिला कार्यवाह हेमंत कुमार, जिला प्रचारक प्रवीण, नगर प्रचारक आशीष सहित संघ के पदाधिकारी और स्वयंसेवक मौजूद रहे। सदर विधायक राजेंद्र मौर्य, पूर्व विधायक धीरज ओझा, पूर्व मंत्री मोती सिंह, पूर्व सांसद संगम लाल और भाजपा जिलाध्यक्ष आशीष नागेंद्र मिश्रा समेत अनेक जनप्रतिनिधि एवं सामाजिक कार्यकर्ता भी मौजूद रहे।

काव्य संगम में जुटेंगे नामचीन साहित्यकार

लालगंज, प्रतापगढ़। नगर के अझारा वार्ड में मंगलवार की शाम आठवें काव्य संगम में नामचीन कवियों एवं शायरों का जमावड़ा होगा। मां विंध्याचल देवी धाम परिसर में होने वाले संयोजक अनूप प्रतापगढ़ी ने बताया कि कवि सम्मेलन एवं मुशायरे में डा. केशरी शुक्ल, अंजनी अंमोघ, रवीन्द्र अजनबी, जय अवस्थी, संदीप शरारती, डा. दीपक रूहानी आदि कवियों एवं शायरों की मौजूदगी होगी।

अवांछित गतिविधियों का आरोप, जांच में जुटी पुलिस

सांगीपुर, प्रतापगढ़। सांगीपुर बाजार में एक लाज में अवांछित गतिविधियां के संचालन को लेकर लोगों ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर आक्रोश जताया है।

बाजार के पूर्व प्रधान शंकरलाल तथा रिषभ सरोज, अशोक रजक, हिमांशु शर्मा, मानसी, सपना, एजाज अहमद, शिवम, सौरभ आदि ने पुलिस को दिये गये शिकायती पत्र में कहा है कि एक शिक्षण संस्थान के समीप अवैध गतिविधियों के संचालन से छात्र छात्राओं को परेशानी हो रही है। एसओ गौरव त्रिवेदी का कहना है कि शिकायत की जांच कर सत्यता के आधार पर काररवाई की जाएगी।



लालगंज में विवाहिता के अंतिम संस्कार को लेकर परिजनों को समझाती पुलिस।

ई रिक्शा चालक पांच बोरी उर्वरक लेकर फरार

पुलिस से शिकायत

संडवाचंद्रिका, प्रतापगढ़। स्थानीय साधन सहकारी समिति पर किसानों को उर्वरक का वितरण किया जा रहा था। इस दौरान पूर्व सभापति बच्चा को ई–रिक्शा चालक ने गच्चा देते हुए पांच बोरी एनपीके उर्वरक लेकर फरार हो गया। रविवार को दिन भर किसान उर्वरक ढूंढता रहा। लेकिन टमटम चालक का पता नहीं चल सका।

अंतू थाना क्षेत्र अंतर्गत नरी निवासी अखिलेश सिंह उर्फ बच्चा साधन सहकारी समिति के पूर्व सभापति थे। रविवार को साधन सहकारी समिति पर उर्वरक का वितरण किया जा रहा था। इस दौरान बच्चा भी उर्वरक लेने पहुंचे थे। पांच बोरी उर्वरक लेकर ई–रिक्शा पर लादकर घर के लिए बाइक से रवाना हुए। पूर्व सभापति कुछ दूर तक ई रिक्शा के पीछे चलते रहे। बाद में वह ई–रिक्शा चालक को आने के लिए कहकर उसके आगे निकलकर घर पहुंच गये। वहां ई–रिक्शा चालक का इंतजार करने लगे। काफी देर तक ई–रिक्शा के नहीं पहुंचने पर खोजबीन चालू किया लेकिन उसका पता नहीं चल सका। सोमवार को पूर्व सभापति ने अज्ञात ई रिक्शा चालक के खिलाफ पुलिस से शिकायत की है।

नवमीं पर हवन–पूजन कर मां सिद्धिदात्री की आराधना

प्रतापगढ़। शारदीय नवरात्र की महानवमी पर सोमवार को जिले के प्रमुख देवी मंदिरों में श्रद्धा और भक्ति का माहौल रहा। मां बेल्हा देवी धाम, मां चंडिका देवी धाम समेत विभिन्न देवी मंदिरों में श्रद्धालुओं ने हवन–पूजन कर मां दुर्गा के नौवें स्वरूप मां सिद्धिदात्री की आराधना की। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हवन कुंड में आहुतियां डालकर भक्तों ने परिवार की सुख–समृद्धि और खुशहाली की कामना की। सुबह से ही मंदिरों में दर्शन–पूजन के लिए श्रद्धालुओं के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया।

भक्तों ने मां को नारियल, चुनरी, पुष्प, फल और प्रसाद अर्पित किया। मंदिरों में घंट–घड़ियाल और शंख ध्वनि के बीच आरती की गयी। मां के जयकारों से देवी धाम गूंज उठे। बेल्हा देवी धाम और चंडिका देवी धाम के साथ जिले के अन्य देवी मंदिरों में भी विधि–विधान से धार्मिक अनुष्ठान किए गये। कई स्थानों पर हवन के बाद कन्या पूजन कर बालिकाओं को भोजन कराया गया और दक्षिणा देकर आशीर्वाद लिया गया। धार्मिक मान्यता के अनुसार, मां सिद्धिदात्री की पूजा से भक्तों को सुख, समृद्धि और सिद्धियों की प्राप्ति होती है। महानवमी के साथ नवरात्र के अनुष्ठानों का समापन भक्तिमय वातावरण में हुआ।

तीसरे दिन विवाहिता का हुआ अंतिम संस्कार

आरोपित पर प्रताड़ना का केस दर्ज

लालगंज, प्रतापगढ़। प्रेम सम्बन्ध में आरोपित द्वारा प्रताड़ना को लेकर विवाहिता की आत्महत्या की घटना में पुलिस ने दुष्प्रेरण तथा धमकी का केस दर्ज किया है। वहीं परिजनों के घटना को लेकर आक्रोश के चलते विवाहिता के अंतिम संस्कार को लेकर परिजनों ने घंटो आक्रोश जताया। तीसरे दिन सोमवार को पुलिस के मानमनौवल के बाद परिजनों ने विवाहिता का जिले के मानिकपुर गंगा घाट पर अंतिम संस्कार कर दिया।

लालगंज कोतवाली के अलीपुर गांव में शनिवार को गांव के अर्जुन गौतम की पत्नी कंचन ३८ ने कमरा बंद कर फांसी लगा ली थी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेजवाया। मृतका का पति रोजी रोटी के सिलसिले में दिल्ली रहता है। पत्नी की आत्महत्या की खबर पाकर वह रविवार को घर पहुंचा। इधर पीएम के बाद विवाहिता का शव घर आया तब पति समेत परिजनों ने एक आरोपित पर हत्या का आरोप लगाते हुए सोमवार की सुबह उसका अंतिम संस्कार करने से मना कर दिया। करीब तीन घंटे शव रखकर परिजन आरोपित के खिलाफ काररवाई पर अड़े दिखे। सूचना मिलने पर लालगंज कोतवाल आलोक कुमार मौके पर पहुंचे। पुलिस ने परिजनों को आरोपित के खिलाफ काररवाई का भरोसा दिलाया। इसके बाद परिजन शव लेकर मानिकपुर घाट अंतिम संस्कार करने के लिए निकले। घटना को लेकर मृतका के पति अर्जुन गौतम पुत्र रामदेव ने दी गयी तहरीर में कहा है कि विगत कुछ वर्षा से उसकी चचेरी बहन का लड़का संग्रामगढ़ थाना के लालूपट्टी निवासी कुल्ली उर्फ दिग्विजय पुत्र अमरनाथ ननिहाल में रह रहा है। तहरीर में आरोप लगाया गया है कि आरोपित का पीड़ित की पत्नी से अवैध सम्बन्ध बन गया। इसे लेकर आरोप प्रायः मृतका को प्रताड़ित किया करता था। तहरीर के मुताबिक मृतका अठारह अक्टूबर को पति के पास दिल्ली जाने वाली थी। इसे लेकर आरोपित ने मृतका को भला बुरा कहा। आरोपित द्वारा मृतका को धमकी भी दी गयी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपित कुल्ली के खिलाफ आत्महत्या के लिए दुष्प्रेरण एवं धमकी का केस दर्ज किया है।

जमीन के विवाद में मारपीट, चार सगे भाइयों सहित छः पर केस दर्ज

बनीतेरहमील, प्रतापगढ़। कंधई थाना क्षेत्र के पूरे पांडेय दीवानगंज गांव में जमीन के विवाद को लेकर मारपीट के मामले में पुलिस ने चार सगे भाइयों समेत आधा दर्जन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

मिली जानकारी के अनुसार कंधई थाना क्षेत्र के सरसीखाम गांव निवासी हवन कुमार गुप्ता के अनुसार, पूरे पांडेय दीवानगंज गांव में उसकी ससुराल है।

बीते बुधवार दोपहर करीब १२ बजे वह ससुराल गया था। आरोप है कि इसी दौरान जमीन के विवाद को लेकर गांव के सुभाष गुप्ता, लल्लू गुप्ता, कल्लू गुप्ता और प्रेम गुप्ता समेत आधा दर्जन लोगों ने गाली–गलौज करते हुए उस पर हमला कर दिया। आरोपितों ने उसकी सास बलवंती देवी के साथ भी मारपीट की। शोर सुनकर आसपास के लोग दौड़े तो आरोपित जान से मारने की धमकी देते हुए चले गये।

कंधई पुलिस ने रविवार देर शाम हवन कुमार की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। एसओ आदित्य सिंह ने बताया कि मामले में केस दर्ज कर जांच की जा रही है।

ट्रैक्टर–ट्राली की टक्कर से ई–रिक्शा सवार बुजुर्ग की मौत, कई घायल

मनगढ़ धाम से दर्शन कर लौट रहे थे श्रद्धालु

परियावां, प्रतापगढ़। मनगढ़ धाम से दर्शन कर ई–रिक्शा से लौट रहे श्रद्धालु रविवार शाम हादसे का शिकार हो गये। मानिकपुर–कुंडा हाईवे पर तिवारीपुर के पास तेज रफ्तार ट्रैक्टर–ट्राली ने ई–रिक्शा में टक्कर मार दी। हादसे में ई–रिक्शा सवार सभी लोग घायल हो गये। इलाज के दौरान ६२ वर्षीय रामहरि यादव की मौत हो गई, जबकि आशाराम की हालत गंभीर होने पर उन्हें एम्स रायबरेली रेफर किया गया।

लखनऊ के कृष्णानगर निवासी सरस्वती यादव ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उनके पति रामहरि यादव अपने साथियों के साथ ई–रिक्शा से मनगढ़ धाम दर्शन करने गये थे। रविवार १८ अक्टूबर की शाम करीब ७रू२० बजे सभी वापस लौट रहे थे। मानिकपुर से कुंडा की ओर जाने वाले हाईवे पर तिवारीपुर के पास सामने से आए अज्ञात ट्रैक्टर–ट्राली चालक ने लापरवाही से वाहन चलाते हुए ई–रिक्शा में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही ई–रिक्शा सवार लोग घायल होकर सड़क पर गिर पड़े। राहगीरों की मदद से घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया। इलाज के दौरान रामहरि यादव को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। हादसे की खबर से परिजनों में कोहराम मच गया।

मानिकपुर पुलिस ने सरस्वती यादव की तहरीर पर अज्ञात ट्रैक्टर चालक के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। पुलिस के अनुसार, मामले की जांच उपनिरीक्षक अमरनाथ सिंह को सौंपी गयी है। दुर्घटना में शामिल वाहन की पहचान आयशर ट्रैक्टर के रूप में की गयी है।

जमीन पर कब्जे के विरोध में महिला एवं बहू से मारपीट चेन छीनने का आरोप

प्रतापगढ़। जमीन पर अवैध कब्जे का विरोध करने पर महिला और उसकी बहू के साथ मारपीट करने तथा सोने की चेन छीनने के आरोप में पुलिस ने पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। काररवाई न्यायालय एसीजेएम कुंडा के आदेश

न्यायालय के आदेश पर पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

पर की गयी है। मानिकपुर थाना क्षेत्र के हुलासराय का पुरवा निवासी ऊषा देवी सोनी पत्नी स्वर्गीय गोपाल सोनी ने आरोप लगाया कि गाटा संख्या ६६६ की जमीन को लेकर सहखातेदारों से विवाद चल रहा है। जमीन पर न्यायालय का स्थगन आदेश होने के बावजूद विपक्षी कब्जा करने का प्रयास कर रहे थे। आरोप है कि दो मई २०२६ की शाम करीब पांच बजे कब्जे का विरोध करने पर भभूती प्रसाद, रामसिंह, शिवप्रसाद, निर्मला देवी और सौरभ पटेल ने ऊषा देवी तथा उनकी बहू गीता देवी के साथ लात–घूंसों से मारपीट की। इस दौरान निर्मला देवी पर ऊषा देवी के गले से सोने की चेन छीनने और जान से मारने की धमकी देने का भी आरोप है। पुलिस ने संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया। मामले की जांच उपनिरीक्षक संजय कुमार को सौंपी गयी है।

पीईटी परीक्षा को नकलविहीन कराने के लिए डीएम ने दिये निर्देश

प्रतापगढ़। प्रारंभिक अर्हता परीक्षा को सकुशल, नकलविहीन, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए जिलाधिकारी अभिषेक पाण्डेय ने विकास भवन सभागार में अधिकारियों एवं केंद्र व्यवस्थापकों के साथ बैठक की। उन्होंने परीक्षा की तैयारियों की समीक्षा करते हुए आयोग के दिशा–निर्देशों का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिये।

जिलाधिकारी ने बताया कि जनपद में २५ एवं ३० अक्टूबर तथा एक नवंबर को आयोजित होने वाली परीक्षा के लिए २१ केंद्र बनाये गये हैं। इन केंद्रों पर कुल ५२,२७२ अभ्यर्थी परीक्षा देंगे। परीक्षा दो पालियों में होगी। पहली पाली सुबह १० से दोपहर १२ बजे तक और दूसरी पाली अपराह्न तीन से शाम पांच बजे तक आयोजित की जाएगी। प्रत्येक पाली में ८,७१२ अभ्यर्थी शामिल होंगे। परीक्षा की



विकास भवन में पीईटी परीक्षा को लेकर बैठक को सम्बोधित करते डीएम अभिषेक पाण्डेय।

२१ केंद्रों पर ५२,२७२ अभ्यर्थी देंगे परीक्षा २१ सेक्टर एवं २१ स्टेटिक मजिस्ट्रेट तैनात

निगरानी के लिए २१ सेक्टर मजिस्ट्रेट और २१ स्टेटिक मजिस्ट्रेट तैनात किए गये हैं। डीएम ने कहा कि परीक्षा की गोपनीयता और शुचिता से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। केंद्रों पर साफ–सफाई, पेयजल और बैठने की समुचित व्यवस्था पहले से सुनिश्चित कर ली जाए। अभ्यर्थियों को सघन तलाशी के बाद ही प्रवेश दिया जाए। तलाशी के दौरान मानवीय संवेदनशीलता बरतने और कलावा जैसी धार्मिक वस्तुओं को नहीं उतरवाने के निर्देश दिये। परीक्षा केंद्रों में इलेक्ट्रानिक उपकरणों और बाहरी व्यक्तियों का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा। ड्यूटी में लगे अधिकारी–कर्मचारी पहचान पत्र साथ रखें।

बैठक में अपर जिलाधिकारी प्रेमचंद मौर्य ने जनगणना–२०२७ के तहत १६ से ३० नवंबर तक स्वगणना के लिए लोगों को प्रेरित करने की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के तहत २४ अक्टूबर को सभी मतदेय स्थलों पर विशेष शिविर लगेंगे। पात्र युवाओं के फार्म–६ भरवाकर मतदाता सूची में नाम जुड़वाने में सहयोग करने को कहा गया। बैठक में सीडीओ डा. राममोहन मीना, एएसपी बृजनन्दन राय, सीएमओ डा. एएन प्रसाद, जिला विद्यालय निरीक्षक ओमकार राणा सहित अन्य अधिकारी और केंद्र व्यवस्थापक मौजूद रहे।

कुसुवापुर में नहर में कूदी युवती, पुलिस ने बचायी जान

परिजनों पर प्रताड़ना का आरोप पुलिस ने बुलाकर समझाया

परियावां, प्रतापगढ़। संग्रामगढ़ थाना क्षेत्र के कुशवापुर चौराहे पर रविवार रात करीब ८.३० बजे एक युवती के नहर में कूदने से हड़कंप मच गया। मौके पर चेकिंग कर रही पुलिस टीम ने स्थानीय लोगों की मदद से उसे सकुशल बाहर निकाल लिया। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में थाना प्रभारी सिद्धार्थ सिंह के नेतृत्व में पुलिसकर्मी क्षेत्र में चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान करीब २० वर्षीय युवती नहर में कूद गयी। यह देखकर पुलिसकर्मियों ने स्थानीय लोगों के सहयोग से उसे बचाने के लिए तत्काल प्रयास शुरू किए। संयुक्त प्रयास से युवती को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। पुलिस के अनुसार, युवती की पहचान रजवापुर गांव निवासी मोनी के रूप में हुई है। पूछताछ के दौरान उसने परिजनों पर प्रताड़ित करने का आरोप लगाया। इसके बाद पुलिस ने परिजनों को मौके पर बुलाया और उन्हें समझाते हुए युवती की समुचित देखभाल करने की हिदायत दी। पुलिस की तत्परता और स्थानीय लोगों के सहयोग से युवती की जान बच गयी। घटना के बाद क्षेत्र में पुलिसकर्मियों के प्रयासों की सराहना की गयी।

मासूम की हत्या और पत्नी की मौत के मामले में पति गिरफ्तार

मां के पैरों में तेल लगाने को लेकर हुआ था विवाद

बाबागंज, प्रतापगढ़। संग्रामगढ़ थाना क्षेत्र के नया पुरवा लालू पट्टी गांव में दो वर्षीय मासूम की हत्या और उसकी मां की मौत के मामले में पुलिस ने नामजद आरोपित पति सुरेश पटेल (३२) को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार, विवेचना में सामने आए तथ्यों और साक्ष्यों के आधार पर काररवाई की गयी।

पुलिस के मुताबिक, १८ अक्टूबर को मानिकपुर थाना क्षेत्र के अंतामऊ निवासी लवकुश पटेल ने अपनी बहन नीता पटेल (३०) और दो वर्षीय भांजे ईशू की मौत के मामले में तहरीर दी थी। इस पर मुकदमा दर्ज किया गया था। विवेचना के अनुसार, आरोपित की मां के पैरों में तेल लगाने को लेकर पति–पत्नी के बीच विवाद हुआ था। आरोप है कि इसी दौरान सुरेश ने बेटे का गला दबा दिया, जिससे उसकी मौत हो गयी। इसके बाद पत्नी नीता की भी मौत हो गयी। पुलिस ने गवाहों के बयान, पोस्टमार्टम रिपोर्ट और अन्य साक्ष्यों के आधार पर मुकदमे में बीएनएस की धारा १०८ बढ़ाई। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर १८ अक्टूबर को खनवारी नहर पुल के पास से आरोपित को गिरफ्तार किया। मामले में आगे की विधिक काररवाई की जा रही है।

विवाहिता पर नकदी–जेवर लेकर प्रेमी के साथ जाने का आरोप

पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने शुरू की जांच

सुवंशा, प्रतापगढ़। फतनपुर थाना क्षेत्र के महमदपुर ग्रामसभा निवासी चंद्रजीत यादव ने अपनी भाभी पर नकदी और जेवर लेकर प्रेमी के साथ चले जाने का आरोप लगाया है। मामले में पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर काररवाई की मांग की गयी है।

चंद्रजीत के अनुसार, उसके भाई अमरजीत की शादी तीन वर्ष पूर्व रोशनी से हिंदू रीति–रिवाज से हुई थी। आरोप है कि शादी के कुछ समय बाद रोशनी का पुराना परिचित सत्यम घर आने लगा। विरोध के बावजूद दोनों के संबंध जारी रहे। आरोप है कि बाद में दोनों घर की अलमारी और बक्से का ताला तोड़कर नकदी एवं जेवर लेकर मुंबई चले गये। चंद्रजीत ने रोशनी के मामा से भी शिकायत की, लेकिन समाधान नहीं हुआ। इसके बाद उसने पुलिस से गुहार लगायी। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

पड़ोसी पर गाली–गलौज एवं धमकी देने का आरोप, सुरक्षा की गुहार

सुवंशा, प्रतापगढ़। फतनपुर थाना क्षेत्र के गौरा पूरे बदल गांव निवासी आशीष शुक्ला ने पड़ोसी पर आए दिन गाली–गलौज करने, मारपीट पर आमादा होने और फर्जी मुकदमे में फंसाने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने स्थानीय थाने

फतनपुर पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर काररवाई की मांग

में प्रार्थना पत्र देकर जानमाल की सुरक्षा की गुहार लगायी है।

आशीष के अनुसार, पड़ोसी आए दिन उसके घर पहुंचकर विवाद करता है। आरोप है कि वह बच्चों के सामने नशा करता है, जिससे उन पर गलत प्रभाव पड़ने की आशंका है। पीड़ित ने बच्चों की पढ़ाई में बाधा डालने और अपनी मां के साथ भी मारपीट करने का आरोप लगाया है। पड़ोसियों के समझाने के बावजूद उसके व्यवहार में सुधार नहीं हुआ। पुलिस का कहना है कि शिकायत की जांच की जा रही है।

नवरात्र समापन पर कारागार में सामूहिक जप और एक कुंडीय यज्ञ

४०० बंदियों ने की पूजा–अर्चना

प्रतापगढ़। शारदीय नवरात्र के समापन पर कारागार परिसर स्थित शिव मंदिर में सामूहिक जप एवं एक कुंडीय यज्ञ का आयोजन किया गया। इस दौरान जेल अधीक्षक, जेलर समेत अन्य अधिकारियों, कर्मचारियों और करीब ४०० बंदियों ने पूजा–अर्चना कर सुख–शांति की कामना की।

अखिल विश्व गायत्री परिवार के जीवनदानी कार्यकर्ता अशोक कुमार तिवारी ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच सामूहिक जप और एक कुंडीय यज्ञ संपन्न कराया। कारागार परिसर स्थित शिव मंदिर में हुए इस धार्मिक अनुष्ठान में अधिकारियों, कर्मचारियों और बंदियों ने श्रद्धाभाव से भाग लिया।



जिला कारागार में हवन कुण्ड में आहुति देते कैदी एवं अधिकारी।

हवन कुंड में आहुतियां अर्पित कर सभी ने आध्यात्मिक शांति और सद्भाव का संदेश दिया।

जेल अधीक्षक ऋषभ द्विवेदी ने धार्मिक आयोजन की सराहना करते हुए अखिल विश्व गायत्री परिवार के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन सकारात्मक वातावरण बनाने और आध्यात्मिक गतिविधियों से जुड़ने का अवसर प्रदान करते हैं। कार्यक्रम में जेल अधीक्षक ऋषभ द्विवेदी, जेलर वीरेंद्र कुमार वर्मा, डिप्टी जेलर शारदा देवी, लालाराम, कमलेश कुमार सहित कारागार के अन्य अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

महिलाओं से छींटाकशी और अभद्रता में पांच गिरफ्तार

प्रतापगढ़। दुर्गा पूजा पंडाल से परिवार की महिलाओं के साथ घर लौट रहे युवक की महिलाओं से छींटाकशी और विरोध करने पर मारपीट की कोशिश के मामले में पुलिस ने तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया है। वहीं, पंडाल में युवतियों से अभद्रता और अश्लील गाने गाने के मामले में दो अन्य युवकों को पकड़ा गया। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त बोलेरो को सीज कर दिया है।

कुंडा नगर पंचायत के एक मोहल्ले के निवासी युवक ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि रविवार शाम वह परिवार की महिलाओं के साथ दुर्गा पूजा पंडाल से दर्शन–पूजन कर घर लौट रहा था। रास्ते में बोलेरो सवार तीन युवकों ने महिलाओं पर अभद्र टिप्पणियां कीं। विरोध करने पर आरोपित मारपीट पर आमादा हो गये। पुलिस ने अवध बिहारी, जुगुल किशोर निवासी शांतिनगर, कुंडा, मूल निवासी कसहाई, कर्वी, चित्रकूट तथा गंगा प्रसाद निवासी शेखपुर चौरास, महेशगंज के खिलाफ कारवाई की। उधर, रविवार रात उपनिरीक्षक राजकुमार पूजा पंडाल में गश्त कर रहे थे। इसी दौरान दो युवक युवतियों पर छींटाकशी करते, अश्लील भोजपुरी गाने गाते और मोबाइल नंबर लिखी पर्चियां बांटते मिले। पुलिस को देखकर भागने लगे, लेकिन उन्हें पकड़ लिया गया। गिरफ्तार युवकों की पहचान विपिन कुमार शर्मा निवासी महराजपुर और अभय शर्मा निवासी पुरनेमऊ, हथिगवां के रूप में हुई। इंस्पेक्टर अरविंद कुमार सिंह ने बताया कि दोनों मामलों में पांच आरोपितों को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा गया है।

एमएलसी चुनाव के प्रशिक्षण का डीएम ने किया औचक निरीक्षण

निर्वाचन की शुचिता, पारदर्शिता एवं गोपनीयता भंग हुई तो होगी कठोर काररवाई

प्रतापगढ़। उत्तर प्रदेश विधान परिषद के लखनऊ खंड स्नातक एवं लखनऊ खंड शिक्षक निर्वाचन–२०२६ को निष्पक्ष, पारदर्शी और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अभिषेक पाण्डेय ने मतदान कार्मिकों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिये। उन्होंने मुख्य विकास अधिकारी एवं प्रभारी अधिकारी डा. राममोहन मीना के साथ अफीम कोठी सभागार में आयोजित द्वितीय चरण के प्रशिक्षण का औचक निरीक्षण किया। प्रशिक्षण में जोनल मजिस्ट्रेट, सेक्टर मजिस्ट्रेट, माइक्रो आब्जर्वर, पीठासीन अधिकारी तथा मतदान अधिकारी प्रथम, द्वितीय और तृतीय शामिल रहे। निरीक्षण के दौरान डीएम ने पीठासीन एवं मतदान अधिकारियों से निर्वाचन प्रक्रिया से संबंधित सवाल पूछकर उनकी तैयारियों को परखा। उन्होंने चौलेंज वोट, टेंडर वोट, मतपत्र लेखा और पीठासीन अधिकारी की डायरी से जुड़े महत्वपूर्ण बिंदुओं की जानकारी ली। साथ ही मतदान कार्मिकों की शंकाओं का समाधान भी कराया। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी कार्मिक प्रशिक्षण को गंभीरता से लें और निर्वाचन प्रक्रिया के प्रत्येक चरण को अच्छी तरह समझें। किसी भी बिंदु पर संशय होने पर तत्काल मास्टर ट्रेनर से जानकारी प्राप्त करें, जिससे मतदान के दिन किसी प्रकार की असुविधा या भ्रम की स्थिति उत्पन्न न हो। उन्होंने स्पष्ट चेतावनी दी कि निर्वाचन कार्य में लापरवाही, उदासीनता अथवा नियमों की अनदेखी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। निर्वाचन की शुचिता, पारदर्शिता, निष्पक्षता और गोपनीयता प्रभावित करने वाले किसी भी कृत्य पर संबंधित कार्मिक के विरुद्ध नियमानुसार कठोर काररवाई की जाएगी। प्रशिक्षण के दौरान सुपर मास्टर ट्रेनर्स डा. विंध्याचल सिंह, डा. मोहम्मद अनीस और धर्मेंद्र ओझा तथा तकनीकी मास्टर ट्रेनर शिवपाल एवं रजनीश ने पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से मतदान प्रक्रिया, विभिन्न लिफाफों को जमा करने, चौलेंज वोट और टेंडर वोट सहित पीठासीन अधिकारी के दायित्वों की जानकारी दी। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रेमचंद मौर्य, जिला विकास अधिकारी आलोक आर्य, जिला विद्यालय निरीक्षक ओमकार राणा सहित अन्य अधिकारी एवं प्रशिक्षु मतदान कार्मिक मौजूद रहे।

महानवमी पर देवी मंदिरों में उमड़े श्रद्धालु मां सिद्धिदात्री का किया पूजन

कन्या पूजन और हवन कर परिवार की सुख–समृद्धि की कामना, पण्डालों में गूंजे जयकारे

परियावां, प्रतापगढ़। शारदीय नवरात्र की महानवमी पर सोमवार को क्षेत्र के देवी मंदिरों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। भक्तों ने मां सिद्धिदात्री का दर्शन–पूजन कर परिवार की सुख–समृद्धि और खुशहाली की कामना की। ज्वाला देवी मंदिर मानिकपुर, माता मैया धाम परियावां, नौलखा देवी मंदिर लवाना और भवानीगंज सहित विभिन्न मंदिरों में सुबह से ही दर्शनार्थियों की कतार लगी रही।श्रद्धालुओं ने मां को नारियल, चुनरी, फूल, फल और शृंगार सामग्री अर्पित कर आशीर्वाद मांगा। मंदिरों में दुर्गा सप्तशती का पाठ, हवन और पूजन किया गया। कई परिवारों ने बच्चों का मुंडन संस्कार भी कराया। दुर्गा पूजा पंडालों में मां दुर्गा की प्रतिमाओं के समक्ष विधि–विधान से पूजा–अर्चना हुई। महिलाओं ने मंगल गीत गाए और श्रद्धालुओं ने जय माता दी के जयकारे लगाये। महानवमी पर कन्या पूजन और हवन का विशेष धार्मिक महत्व माना जाता है। नौ दिनों तक व्रत रखने वाले श्रद्धालुओं ने छोटी कन्याओं को देवी स्वरूप मानकर उनका पूजन किया।



महेशगंज थाने के गेट पर रोष जताते ग्रामीण।

हनुमान जी की मूर्ति स्थापित करने से पुलिस ने रोका, ग्रामीणों में रोष

शिकायत के बाद सरकारी जमीन पर मूर्ति रखने से किया मना, मकान में रखवायी

बाबागंज, प्रतापगढ़। महेशगंज थाना क्षेत्र के पींग गांव में हनुमान जी की मूर्ति स्थापित करने को लेकर विवाद हो गया।

ग्रामीणों के सहयोग से लाई गयी मूर्ति को सरकारी जमीन पर रखने से पुलिस ने रोक दिया। इससे ग्रामीणों में नाराजगी फैल गयी। विरोध जताने के लिए करीब दो दर्जन ग्रामीण थाने पहुंच गये।

जानकारी के अनुसार, गांव के लोगों ने आपसी सहयोग से हनुमान जी की मूर्ति मंगवाई थी। ग्रामीण उसे गांव में स्थित सरकारी जमीन पर स्थापित करने की योजना बना रहे थे। इसी बीच गांव के अनिल कुमार पांडेय उर्फ अन्नू ने इस संबंध में महेशगंज पुलिस से शिकायत कर दी। शिकायत मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और ग्रामीणों को सरकारी जमीन पर मूर्ति रखने से मना कर दिया।

इसके बाद मूर्ति को एक मकान में रखवा दिया गया। इस कारवाई से नाराज करीब दो दर्जन ग्रामीण महेशगंज थाने पहुंचे और अपना विरोध जताया। घटना को लेकर गांव में चर्चा का माहौल बना हुआ है।

सूचना-मेरा हाईस्कूल वर्ष 2018 अनुक्रमांक 1777049 का अंकपत्र सह प्रमाणपत्र वास्तव में खो गया है। संगीता वर्मा पुत्री राम प्रसाद निवासी-ग्राम पूरे नरायनदास शाहबरी, प्रतापगढ़